सुप्रभात
रविवार 09.06.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 50
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## शहरी क्षेत्र में सांड़ पकड़ने का अभियान हुआ बंद, फिर बढ़ी परेशानी

# अब गोशाला में सेल का निर्माण होने पर शुरू होगा अभियान, नियम कायदे में उलझे निगम के अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** शहरी क्षेत्र से पांच सांड़ पकड़ने के बाद नगर निगम का अभियान ठंडे बस्ते में चला गया है। अभियान बंद होने से लोगों में एक बार फिर सांड़ का खौफ सताने लगा है। आम शहरी ट्रैफिक नियम का पालन भले ही न करे, लेकिन सांड़ देखते ही सड़क किनारे खड़े होकर उसके जाने का इंतजार करने लगता है। अब शहर में सांड़ सभी जगह चक्कर लगा रहे हैं। गर्मी के साथ सांड़ का क्रोध भी बढ़ चुका है। आसपास किसी को भी खड़ा देख अचानक हमला कर रहा है। इधर निगम के अधिकारी कायदे कानून में उलझे हुए हैं। गोशाला में अब अलग से 50 सेल बनाने की बात कही जा रही है। लेकिन यह दूर की कौड़ी है। इतनी जल्दी सब कुछ होना संभव नहीं दिख रहा है।

### एक सप्ताह में आधा दर्जन लोग घायल

अब शहर में विचरण करने वाले सांड़ खूनी हो चुके हैं। जब तक शिकार को बुरी तरह जख्मी नहीं कर देते, हमला करते रहते हैं। विगत शुक्रवार को शहर के झाड़ूडीह में सांड़ ने एक स्कूटी सवार को उठाकर पटक दिया। जब स्थानीय लोग सक्रिय हुए तो सांड स्कूटी सवार को छोड़ गर्दन हिलाते हुए आगे चल पड़ा। पुराना बाजार, पुलिस लाइन, चिरागोड़ा आदि जगहों पर चार से पांच लोग एक सप्ताह के अंदर सांड़ के हमले का शिकार हो चुके हैं। वहीं बाजार में सड़क किनारे फल, सब्जी के दुकान लगाने वाले दुकानदरों को अलग से ऐसा हमला हर दिन झेलना पड़ता है। आठ दिन पूर्व तेलीपाड़ा में एक महिला की मौत सांड़ के हमले में हो चुकी है।

### क्या कहते हैं जवाबदेह

सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि अभियान बंद नहीं हुआ है। जहां ज्यादा परेशानी हो रही थी, उस स्थान से सांड़ को पकड़वाकर कतरास गोशाला में रखवाया है। धनबाद से 3 तथा कतरास से 2 सांड़ को पकड़ा जा चुका है। अभी बड़े पैमाने पर कार्रवाई इसलिए नहीं की जा रही है, क्योंकि गोशाला में सांड़ रखने की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए एस्टीमिट तैयार कर लिया गया है। टेंडर भी निकाला जा रहा है। इसके बाद गोशाला में चिन्हित्जगह पर शेड और अलग अलग सेल बनाया जायेगा। फिर अभियान में तेजी देखने को मिलेगी। पशुपालन विभाग से भी बात की है, उन्हें ऐसे गौपालकों को ट्रैस करने को कहा गया है जो बछड़ों को अनावश्यक रूप में जहां तहां छोड़ने का काम करते हैं। सही जानकारी मिलने पर गड़बड़ी करने वाले गौपालकों पर भी कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर में

### विशेष लोक अदालत में 5 करोड़ की रिकवरी



**धनबाद।** मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित मुकदमो के त्वरित निष्पादन के लिए झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बावत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर मुकदमों के निपटारे के लिए छह बेंच का गठन किया गया था जिनके द्वारा कुल 46 मुकदमों का निपटारा कर कुल 4 करोड़ 99 लाख 75 हजार 8 सौ 75 रूपए की रिकवरी की गई है। बेंच मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, रजनीकांत पाठक, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, संजय कुमार सिंह, कुलदीप लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट,सहायक कांउसिल कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, सुमन पाठक, स्वाति, मुस्कान चोपड़ा, कुमारी शामिल थे। उन्होंने बताया कि झालसा के निर्देश पर अगामी 30 जून 24 को भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, राजस्व संग्रहण से संबंधित मामलों के शिघ्र निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

### गर्मी की छुट्टी में स्कूल से मोटर चुरा ले गए चोर, बढ़ा जल संकट

**गोविंदपुर।** गर्मी की छुट्टी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोरंगा एवं उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नगरकियारी में चोरी की वारदात हो गई। विद्यालय खुलने पर शनिवार को चोरी की जानकारी हुई। विद्यालय के प्रधान सिकंदर शर्मा और नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह ने प्रखंड संसाधन केंद्र गोविंदपुर में सूचना दी है। विद्यालय से चोरों ने मोटर एवं तार चुरा लिए। इससे विद्यालय में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार पांडेय ने सभी विद्यालयों के एसएमसी सदस्यों को विद्यालयों की सुरक्षा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण सक्रिय रहे तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है।

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल उठा ले गए उचक्के



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत जरगड़ी निवासी सरोज सिंह चौधरी की जेएच 10 एयू 5120 नंबर की मोटरसाइकिल शनिवार दोपहर अपराधियों ने चुरा ली। वह घर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर कुछ काम कर रहे थे । थोड़ी देर बाद बाहर निकलने पर उन्होंने मोटरसाइकिल गायब पाई। काफी खोज करने पर भी मोटरसाइकिल का पता नहीं चला। उन्होंने गोविंदपुर पुलिस को सूचना दी है।

### रोजगार की मांग को ले कंपनी का कार्य ठप किया, आश्वासन पर माने

**कतरास।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 में एलएलपी आउटसोर्सिंग कंपनी में शनिवार को रोजगार की मांग को लेकर चन्दौर बस्ती के लोगों ने आजसू के बैनर तले कंपनी का कार्य ठप कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि तेतुलमारी कोलियरी में आउटसोर्सिंग कंपनी विगत एक वर्ष से कार्य कर रही है, परन्तु रोजगार के मामले में स्थानीय लोगों को तरजीह न देकर बाहरी को नियोजित कर रही है। आंदोलन के बाद साइट इंचार्ज राहुल कुमार ने कंपनी के वरीय अधिकारियों से मोबाइल पर ग्रामीणों की वार्ता कराई। बताते हैं अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर सभी मांगों के समाधान का आश्वासन दिया है। इसके बाद कार्य प्रारम्भ हुआ। आंदोलन में चंदन वर्मा, सूरज वर्मा, उमेश बाउरी, संतोष सोनार, नितेश वर्मा, प्रशांत वर्मा, विपुल वर्मा, विकास बाउरी, अमित वर्मा एवं अन्य ग्रामीण शरीक थे।

### सिर्फ तीन जगहों पर हुई जलापूर्ति, सूखे रह गई 16 जलमीनार आज सभी 19 जलमीनारों से होगी जलापूर्ति

**धनबाद।** शहर में शनिवार को जलापूर्ति की स्थिति बेहद खराब रही। 19 जलमीनारों में मात्र 3 जलमीनार से गोल्फ ग्राउण्ड, हील कॉलोनी और स्टीलगेट में ही जलापूर्ति हो सकी। बाकी जलमीनारें सूखी रह गई। हीरापुर, चिरागोड़ा, भुदा, पुराना बाजार, मटकुरिया, धोबाटांड़, धनसार, गांधीनगर, मनईटांड़, बरमसिया, स्टीलगेट, पॉलिटेक्निक, पुलिस लाइन, भूली, वासेपुर और पीएमसीएच में जलापूर्ति नहीं हो पाई। इस क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ा। कई लोगों को पानी खरीदना पड़ा। पेयजल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुगमा में अवैध कनेक्शन के कारण मेन राइजिंग पाइप में लिकेज था। लिकेज ठीक करने में एक दिन लग गया। जिस कारण भेलाटांड़ वाटर ट्रिटमेंट प्लांट में जलापूर्ति नहीं हो सकी। लेकिन अब स्थिति समान्य हो गई है। रविवार को सभी स्थानों पर जलापूर्ति होगी।

### पाईप लाईन के कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद



**बेरमो/तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल के बगजोबरा मे हो रहे पाईप लाईन के कार्यों को तेनुघाट डैम विस्थापितों ने बंद करवा दिया। यूनी प्रो प्राइवेट लिमिटेड एवं हिमांशु महतो के पाइप लाईन कार्य को तेनुघाट बांध विस्थापितों ने पानी सफलाई एवं कार्य को रोका दिया। विस्थापितों ने कहा की तेनुघाट डैम विस्थपीतो की समस्या जब तक समाधान नहीं होगा तब तक कार्य बाधित रहेगा। विभाग के अधिकारी एवं सरकार द्वारा सिर्फ विस्थापितों को ठगने का काम किया है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बागजॉबरा में कसमार प्रखंड में पानी सप्लाई को लेकर इंटक वेल बनाया गया। जिससे पूरे कसमार प्रखंड में पेय जल आपूर्ति की योजना बनाई गई है। विस्थापितों के द्वारा की गई कार्यों को बाधित पर कसमार प्रखंड कनिय अभियंता वरीय अधिकारी के कहने पर विस्थापितों से मिलने पहुंचे, और जानना चाहा। विस्थापितों ने अपना मांग पत्र उनके माध्यम भेजा। तेनुघाट बांध विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उमा चरण रजवार ने कहा की विस्थापित गांव में पानी फ्री देना होगा, छूटे हुए गांव में पाइप कनेक्शन करवाना होगा, कुछ गांव में पाइप कनेक्शन हो चुका है परंतु पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। सभी मांगों को लिखित में विस्थापितों ने विभाग के अधिकारी से मांग की है। अन्यथा 5 दोनों के अंदर इंटेक वेल से पानी आपूर्ति हो रहे सभी को बाधित कर दी जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### कतरास में लूट से दहशत, पुलिस तहकीकात में जुटी

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के कांको मुशापहाड़ी के निकट शुक्रवार की देर शाम गोविंदपुर डुमरियाटांड निवासी गणेश महतो से बाइक सवार अपराधियों ने ढाई लाख रुपये लूट लिये। इस लूट के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस लूट के मामले की तहकीकात कर रही है, मगर हाथ कुछ नहीं लगा है। मालूम हो कि भुक्तभोगी कतरास एसबीआई से पैसा निकाल कर दामाद भोलू महतो के साथ घर जा रहा था। तभी वृद्ध से बाईक सवार अपराधियों ने लूट लिया।

### बाघमारा थाना में नए प्रभारी ने योगदान किया

**कतरास।** बाघमारा थाने में नए थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद का शनिवार को बाघमारा पुलिस जन सहयोग समिति के लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। मालूम हो कि पूर्व प्रभारी के निलंबन के पश्चात थाने में नए प्रभारी ने योगदान दिया है। इस मौके पर बैजनाथ यादव, बैजनाथ प्रसाद, राजू शर्मा, सत्यनारायण पांडे, मंजीत सिंह, शिव कुमार सिंह, अमित लाल, बबलू अंसारी आदि मौजूद थे।

### सांप के काटने से दस वर्षीय बच्चे की मौत

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के भूलन बरारी 6 नम्बर बस्ती निवासी संगठित मजदूर अशोक भुईयां के 10 वर्षीय पुत्र जिगर भुईयां की मौत सांप के काटने से हो गई। वह कक्षा 4 का छात्र था। परिवार के लोगों का कहना है कि झोपड़ीनुमा आवास में वह शुक्रवार को जमीन पर सोया था। तभी दो बजे रात को सांप ने काट लिया। आनन फानन में पड़ोसियों के सहयोग से उसे चासनाला जोड़ापोखर उप स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेज दिया। इस बीच भाजपा नेता रोहित विद ने भी इलाज में सहयोग किया। परंतु इलाज के दौरान शनिवार को दोपहर बच्चे की मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम छा गया है।

### बीडीओ ने आजीविका कार्यो की दी जानकारी

साहेबगंज। सोसाइटी(पलाश), बरहरवा के सौजन्य से शनिवार को जेएसएलपीएस सभागार में बीआरपी लाईवलीहुड, आजीविका कृषक सखी, कृषक मित्रो एवं पशु सखी का एक दिवसीय समीक्षा- सह- प्रशिक्षण बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास एवं बीपीएम मो फैज आलम की उपस्थिति में आयोजन हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास के द्वारा सभी को बरहरवा प्रखंड के विभिन्न गावँ में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी के लाभुक का चयन, बाजरा,मडुवा की उन्नत खेती इत्यादि करने पर महत्वपूर्ण जानकारी दिये।

## मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रचार के लिए खुला जागरुकता केंद्र

# गिरिडीह जिला परिवहन पदाधिकारी ने जागरुकता रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गिरिडीह।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जा रहा है, ताकि योग्य लाभार्थियों को फायदा मिल सकें।


इसी उद्देश्य से आज शनिवार को बस स्टैंड के यात्री शेड में सहायता-सह-जागरुकता केंद्र खोला गया है। साथ ही प्रचार के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी, शैलेश प्रियदर्शी द्वारा जागरुकता रथ भी रवाना किया गया। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा लोगों के बीच पंपलेट का वितरण किया जा रहा है। विदित हो कि झारखंड सरकार द्वारा राज्य के वंचितों, छात्र छात्राओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों को बस भाड़ा में शत प्रतिशत रियायत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की गई है। इस योजना से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार की इस योजना का उद्देश्य गांवों से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान, मजदूर छात्र-छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। छात्रों के लिए स्कूल-कॉलेज, किसानों के लिए बाजार और मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा।

### इन दस्तावेज के साथ कर सकते हैं आवेदन

जिला परिवहन पदाधिकारी के अनुसार वाहन संचालक के चयन में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी। बिल्कुल नये वाहन के मालिक ही आवेदन कर सकेंगे। आवेदक के पास पहचान पत्र, आधार कार्ड, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र सक्षम स्तर से निर्गत, आयु प्रमाण पत्र जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, वार्षिक आय प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, वाहन का प्रकार, वाहन से सम्बंधित अन्य दस्तावेज चाहिए। सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम का अधिष्ठापन भी कराना अनिवार्य होगा।

## हरिहरपुर के दो घरों से एक लाख नगद सहित छह लाख के जेवरात ले उडे चोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोमो।** हरिहरपुर थाना गोमो क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर ग्राम पंचायत के संथालडीह गांव में शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे दो घरों में चोरों ने चोरी की। लगभग 6 लाख के आभूषण चोरों के हाथ लगे।

मिली जानकारी के अनुसार संथालडीह गांव निवासी रेलकर्मी रामचंद्र ठाकुर सपरिवार गर्मी के कारण छत पर सोये थे। छोटा भाई कैलाश ठाकुर किसी कार्य से ससुराल गया था। रात लगभग दो बजे चहारदीवारी फांद कर चोर घर में घुसे तथा तीन अलग-अलग कमरे का दरवाजा तोड़कर गोदरेज अलमीरा, बक्सा में रखे लगभग पचास हजार रुपये नगद सहित लगभग 6 लाख रुपये के सोने के जेवरात ले उड़े। दो कागजात से भरा बक्सा घर के बाहर खेत में ले जा कर छोड दिया। गृह स्वामी ने बताया कि भगिनी संजू कुमारी का विवाह कोडरमा में तय हो गया था विवाह के लिए पिछले एक साल से जेवरात बनवा कर रखे थे। सोने की चेन, मांग टीका, झूमका, कान की बाली आदि के अलावा कुछ पत्नी की और बहन के भी जेवरात थे, जो चोर ले गए। अलग-अलग कमरे मे अलग-अलग जगह में रखे दोनों भाइयों के लगभग 50 हजार रुपये नगद सहित लगभग छह लाख रुपये के जेवरात चोरों के हाथ लगा है। गृह स्वामी राम चन्दर ठाकुर ने बताया कि इस चोरी से हम लोग टूट गए हैं। चोरोंने दूसरा निशाना अफताब आलम के घर को बनाया। यहां से भी लगभग पचास हजार रुपये की सम्पत्ति पर हाथ साफ किया है।

घटना की सूचना मिलने पर हरिहरपुर थाना पुलिस सदन बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची मुयाय्ना कर पड़ताल में जुटी हैं। इधर ग्रामीणो कहना कि पुलिस ग्रमीण क्षेत्रो में पेट्रोलिंग नही करती है। बालू तस्कर, ओभर लोड गिट्टी वाहनो से वसूली में म्शगुल रहती है। जिससे चोर उच्चक्के का मनबढा हुवा है।

## पुपुनकी टॉलप्लाजा सहित अन्य जगहों पर डीटीओ के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर धनबाद बोकारो मार्ग के पुपुनकी टॉलप्लाजा एवं आईटीआई मोड़ सहित अन्य जगहों पर डीटीओ वंदना शेजवलकर के नेतृत्व में ओवरलोड वाहन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान जिन वाहनों का निबंधन पेपर व परमिट फेल होने ओवरलोड एवं रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं पाया गया उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुमार्ना भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान दस बड़े वाहनों का पेपर फेल ओवरलोड एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण 02 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। परिवहन विभाग के कर्मियों द्वारा हाइवा ट्रक मिनी हाइवा सहित अन्य वाहनों की जांच की गई। ओवरलोड वाहनों की जांच को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि ओवरलोड वाहनों की शिकायत मिलने पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि बाइक चलाने के समय हेलमेट चार पहिया वाहनों के परिचालन के समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए अगर ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। सड़क मार्ग पर सुरक्षित परिचालन कराने के लिए परिवहन विभाग के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। कोहरे के दौरान सुरक्षित वाहन परिचालन के लिए जिले में परिवहन विभाग के द्वारा लोगों को यातायात के नियमों के अनुपालन के लिए लगातार अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अभियान चलाकर वाहनों की जांच भी की जा रही है।

### आयोजित मासिक लोक अदालत में कुल 4452 मामलो का हुआ निष्पादन

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो अनील कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार शनिवार 8 जून को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत लगाया गया। जिसमें बिजली विभाग से संबंधित मामले और एन आई एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामले का निष्पादन किया गया। इस मासिक लोक अदालत में कुल 4,452 मामलों का निष्पादन और लगभग 1,23,90,000 रुपए की समझौता राशि वसूल किए गए। इस लोक अदालत में तीन बेंच का गठन किया गया था। जिसके प्रथम बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी और अधिवक्ता देवदत तिवारी, दूसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल और अधिवक्ता उमेश प्रसाद तथा तीसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी शिवराज मिश्रा और अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर मौजूद थे। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

## कहर बनकर गिरा हाइटेंशन तार, पक्षी समेत आठ पशुओं की मौत

# पीडितों के साथ ग्रामीण कर रहे मुआवजा की मांग, धरना पर बैठे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह में आज शनिवार को हाइटेंशन तार की चपेट में आने से पक्षी समेत एक साथ 8 पशुओं की मौत हो गई। घटना खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र के धनवार प्रखंड के दरियाडीह स्थित शमशान घाट के बगल सोतिया नदी किनारे की बताई जा रही है, जहां धारा प्रवाहित बिजली का हाईटेंशन तार शनिवार सुबह कहर बनकर टूट गया।

इस घटना में एक गाय समेत 5 बैलों की मौत हो गई, जबकि एक लोमड़ी व एक पक्षी की भी जान चली गई। राहत वाली बात यह रही कि वहां गाय चरा रहा चरवाहा बाल-बाल बच गया। उसको एक खरोंच भी नहीं आई। घटना के बाद स्थानीय लोग मुआवजे की मांग को लेकर धरना पर बैठ गए हैं। भाकपा माले नेता विनय संथालिया व बसपा नेता दिनेश दास ने कहा कि गांव व शहर के ऊपर गुजर रही हाईटेंशन लाइन अब मौत बनकर टूट रही है और विभाग मौन धारण कर बैठा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया है। ग्रामीण जर्जर तार को बदलने की मांग कर रहे हैं। साथ में बिजली विभाग से मृत पशुओं के मालिकों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस घटना में दरियाडीह के पीड़ित राजू दास, छोटू दास, विनोद दास के एक-एक बैल, जबकि सीताराम दास की एक गाय और एक बैल की मौत हुई है। सभी पीड़ित किसान खेती कर अपना गृहस्थी चलाते हैं। अब इनलोगों के पास एक बैल बचा है। एक बैल से किसान खेती तो नहीं कर पाएंगे। अब समय रहते पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं मिलेगा तो किसान खेती से वंचित रह जाएंगे।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में आवासों का निर्माण कार्य रोका

- ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की, घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर में विशेष प्रमंडल द्वारा प्रखंड कर्मियों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण कार्य शनिवार को प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी एवं उप प्रमुख उमा देवी के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने बंद करा दिया। पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही प्राक्कलन उन्हें उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जब तक विभाग द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण नहीं किया जाता, निर्माण कार्य बंद रहेगा। निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोगों की धक्का मुक्की भी हुई। सूचना मिलने पर निरसा पुलिस पहुंची। पुलिस के पहुंचने के पहले ही दोनों पक्षों के लोग शांत हो चुके थे। हालांकि किसी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। यह है मामला

निरसा प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी एवं उप प्रमुख उमा देवी ने बताया कि ठेकेदार निर्माण कार्य रात के अंधेरे में कराता है। निर्माण कार्य में घटिया स्तर का बालू एवं नाम मात्र का सीमेंट मिलाकर ढलाई की जा रही है। छड़ की भी क्वालिटी काफी निम्न है। करीब एक माह पहले ही ठेकेदार को एस्टीमेट की कॉपी देने को कहा था। बार-बार प्राक्कलन मांगने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि पुराना बिल्डिंग तोड़ने के बाद उसके स्क्रैप जैसे छड़, दरवाजे, खिड़की आदि को ठेकेदार द्वारा बेच दिया गया। जब तक विभागीय स्तर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच नहीं की जाती, निर्माण कार्य बंद रहेगा।

### नहीं बरती जा रही है अनियमितता : ठेकेदार

ठेकेदार नितेश सिंह ने दूरभाष पर बताया कि निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार हो रहा है। कहीं कोई अनियमितता नहीं बरती जा रही। विभाग से उसका अवलोकन कर सकते हैं।

## एक नजर में

### लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट ने किया वृक्षारोपण



**गिरिडीह ।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट की ओर से नेचर व्यू रेस्टोरेंट कैंपस खंडोली में शनिवार को वृक्षारोपण किया गया। यह जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल द्वारा एनवायरमेंट वीक मनाया जा रहा है, जिसके तहत जिला 322 ए के प्रत्येक क्लब को वृक्षारोपण का निर्देश दिया गया है। इसी कार्यक्रम के तहत आज नेचर व्यू रेस्टोरेंट कैंपस में 25 फलदार और छायादार वृक्ष लगाए गए। अध्यक्ष ने कहा कि पूरा विश्व प्रकृति के असंतुलन से प्रभावित है। इस कारण विश्व का औसत तापमान प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। प्रकृति के इस असंतुलन को दूर करने के लिए वृक्षारोपण सबसे कारगर और सरल उपाय है। अगले तीन माह तक क्लब की ओर से विभिन्न जगहों पर सैकड़ों वृक्ष लगाए जाएंगे। इस अवसर पर क्लब के निदेशक लायन राजेश कुमार गुप्ता, सचिव लायन राहुल कुमार, उपाध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद, लायन डॉक्टर ज्ञान प्रकाश, लायन अरुण कुमार साहू, लायन मसरूर आलम सिद्दीकी, लायन राहुल प्रसाद, लायन विकास कुमार वर्मा और लायन अवनीश अंशु मौजूद थे।

### गिरिडीह में पतंजलि परिवार ने शुरू की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी



**गिरिडीह ।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी में पतंजलि परिवार गिरिडीह की बैठक रेड क्रॉस भवन गिरिडीह में हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत स्वभिमान के जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह ने की। बैठक में नवीन कांत सिंह ने कहा कि कल से योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास रेड क्रॉस भवन में सुबह 5:30 बजे से और आरके महिला कॉलेज योग क्लास में कराया जाएगा। उन्होंने तमाम नागरिकों से अपील की है कि 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में युवा प्रभारी रणधीर कुमार गुप्ता, सोशल मीडिया जिला प्रभारी पुष्पा शक्ति, महामंत्री प्रेमलता अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य ब्रजकिशोर गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता निर्मल कौर, स्वप्ना राय, लक्ष्मी छाया, सुनीता देवी, विजय बर्णवाल, हेमन्त सिन्हा, अनुपमा सिन्हा, निशा कुमारी, पूनम कुमारी, अनिता कुमारी अनुपमा गुप्ता, सुरेश प्रसाद, अनुपम रॉय, सुनील अग्रवाल सहित पतंजलि परिवार के लोग मौजूद थे।

### पूर्वी टुंडी की बीडीओ ने की मनरेगा व अबुआ आवास स्थल की जांच



**पूर्वी टुंडी ।** पूर्वी टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह ने शनिवार को लटानी पंचायत अंतर्गत बामनबाद एवं सिंगरायडीह गांव में मनरेगा तथा अबुआ आवास योजना का स्थल निरीक्षण किया। बामनबाद गांव में मनरेगा के तहत अनाथ मंडल की जमीन पर बिरसा सिंचाई कूप योजना की जांच की गई। जांच में पाया गया कि खुदाई का कार्य प्रगति पर है। बामनबाद गांव में अबुआ आवास योजना के तहत माखोनी मुर्मू,बंदना मंडल, दुर्योधन कालिंदी तथा कल्याणी देवी के आवास निर्माण कार्य की जांच की गई। छुबी कर्मकार द्वारा अबुआ आवास योजना में डीपीसी का कार्य नहीं किया गया था। निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर डीपीसी का कार्य किया जाए। सिगंरायडीह गांव में अबुआ आवास योजना के तहत बहामुनी किस्कु,पतामुनी देवी, सरस्वती देवी आदि के आवास निर्माण कार्य की भी जांच की गई।

### झामुमो ने शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी



**गिरिडीह ।** जिले के गावां बाजार स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को झामुमो की बैठक हुई. बैठक में धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी मौजूद थे। बैठक में आगामी विधानसङ्घा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड स्तरीय अल्पसंख्यक मोर्चा व अनुसूचित मोर्चा का गठन किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में मो मंसूर अंसारी का चयन किया गया,जबकि सचिव मो इसराइल चुने गए। अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में अशोक दास व उपाध्यक्ष के रूप में सुखदेव दास का चयन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने सरकार की विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि राज्य की हेमंत सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को देख कर केंद्र सरकार ने इडी को लगा कर सीएम हेमंत सोरेन को बदनाम कर जेल में डालने का काम किया है। हेमंत सोरेन की सरकार ने कई ऐसी योजनाओं पर काम किया, जो दूसरे कई राज्यों में नहीं है। 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन दी जा रही है।

### पूर्वी टुंडी के फतेहपुर पैक्स में बीज का वितरण

**पूर्वी टुंडी ।** पूर्वी टुंडी के लटानी फतेहपुर पैक्स में धान बीज का वितरण पंचायत के मुखिया एनुल हक व प्रदीप बास्की की देखरेख में किया गया। 18 किसानों को सरकारी दर पर धान का बीज दिया। इबीटीएम अनिल प्रसाद निराला, प्रखंड कृषि पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद खान, पैक्स के प्रबंधक दिलीप कुमार मंडल, पैक्स के अध्यक्ष राजकुमार मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पंडित छोटेलाल मिश्रा के निधन पर शोक सभा



**धनबाद।** के सी एन क्लब के संस्थापक सदस्य एवं मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के सेवानिवृत्त सैनिक पंडित छोटेलालदीन मिश्रा के निधन पर शनिवार को वृंदावन कॉलोनी में शोक सभा हुई। 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रवि कुमार ने कहा कि 99 वर्ष की आयु में उनका का निधन हुआ है। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी देशभक्ति, आदर्श, विचार, मार्गदर्शन, प्रेरणा और चिंतन को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर सीएन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पंडित छोटेलालदीन के पुत्र नंदन मिश्रा त्यागी, राजेश राय, उमेश तिवारी, मनोज सिंह, संतोष सिंह, डॉ नीरा प्रसाद, शालिनी झा, संजय सिंह, गणेश पांडेय, संतोष ओझा, सुधीर यादव, नवीन गुप्ता तथा रविंद्र उपाध्याय आदि मौजूद थे।

### वैश्विक मंदी बीआई टी में हुआ रिकॉर्ड प्लेसमेंट

**सिंदरी ।** आई टी सेक्टर में वैश्विक मंदी और कोर सेक्टर में जॉब के सीमित अवसर के बावजूद बीआईटी सिंदरी में रिकॉर्ड प्लेसमेंट हुआ है। कैरियर एंड डेवलपमेंट सेंटर के चेयरमैन डॉ धनश्याम ने बताया कि विगत सत्र 2023-24 में बीआई टी सिंदरी में विपरीत परिस्थितियों के वाबजूद 464 छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 83, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 85, सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 46, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ब्रांच में 24, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजीज अङ्गियंत्रण ब्रांच में 25, इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन अभियंत्रण ब्रांच में 28, मेटलर्जीकल अभियंत्रण ब्रांच में 50, खनन अभियंत्रण ब्रांच में 29, केमिकल अभियंत्रण ब्रांच में 69, प्रोडक्शन अभियंत्रण ब्रांच में 28 छात्र छात्राओ का प्लेसमेंट हुआ है। उन्होंने बताया कि कैरियर एंड डेवलपमेंट सेंटर छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट से पूर्व काउंसलिंग करता है और उन्हें प्लेसमेंट कीतकनीक से अवगत कराता है। परिणाम है कि संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड बेहतर हुआ है। संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने प्लेसमेंट के ऑफर के लिए छात्र छात्राओं को बधाई दी है।

### ढुल्लू की जीत जश्न मनाया व बांटी मिठाई

**कुमारधुबी ।** चिरकुंडा धनबाद संसदीय क्षेत्र से ढुलू महतो की जीत पर कुमारधुबी स्टेशन के समीप जदयू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता छोटन सिंह के पुत्र भाजपा युवा नेता दीपू सिंह के आवासीय कार्यालय में जश्न मनाया गया। जुलूस की शक्ल में लोगों ने एकजुट होकर मिठाई खाई व शर्बत पीया। साथ ही पटाखे भी छोड़े व एक दूसरे को बधाई दी।

# पानी-बिजली उपभोक्ता मंच ने की बीस घंटे विद्युत आपूर्ति की मांग

## डिगवाडीह विद्युत सब स्टेशन के समक्ष किया प्रदर्शन, 9 को घेराव

- 20 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रर्दशन
- 25 हजार की आबादी त्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** पानी-बिजली उपभोक्ता मंच जोड़ापोखर अंचल ने डिगवाडीह विद्युत सा स्टेशन के सहायक विद्युत अभियंता को मांग पत्र देकर भागा फीडर में कम से कम 20 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। इससे पूर्व स्थानीय नागरिकों के सहयोग से प्रदर्शन किया गया। नेतृत्व संरक्षक किशोर कुमार ने किया। मुख्य वक्ता शुभाशीष राय ने कहा कि भीषण गर्मी में डिगवाडीह, जेलागोड़ा, शालीमार, फुसबांग्ला, भागा, बनियाहीर के 25 हजार की आबादी त्रस्त है। बिजली मात्र 6 से 7 घंटे ही मिलती है, जिससे व्यापार सहित पठन पाठन पूरी तरह चौपट हो गया है। सब स्टेशन के सभी उपकरणों को तत्काल बदला जाना चाहिए। मांग पत्र महाप्रांधक को दिया गया। निर्णय लिया गया कि 19 जून को तमाम उपभोक्ताओं के सहयोग से डिगवाडीह बिजली सब स्टेशन का घेराव एवं प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शनकारियों में अभिमन्यु राम, आर के श्रीवास्तव, दिनेश राम, सूरज कुमार, मुकेश सिन्हा आदि शामिल थे।

### आजसू छात्र संघ ने बीबीएमकेयू कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** पांच सूत्री मांगों को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शनिवार को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय(बीबीएमकेयू) के कुलपति पवन कुमार पोद्दार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हिंदी विभाग के तीन शोधार्थियों पर न्याय संगत कार्रवाई करने, द्वितीय टीईटी (पीएचडी एंट्रेंस टेस्ट) की परीक्षा जल्द आयोजित करने, मास कॉम विभाग हेतु मीडिया लैब की व्यवस्था अविलंब करने, सभी निजी बीएड महाविद्यालयों में एनसीटीई की नियमावलियों का पालन कराने तथा एससी, एसटी, ओबीसी कल्याण समिति का गठन कर नामांकनों में जाति प्रमाण पत्र की समस्या प्रयोजनों में सहायता प्रदान करने की मांग की गई।

### झमाडा में अनुकंपा आधारित आश्रितों ने दी 15 से उग्र आंदोलन की चेतावनी



**धनबाद ।** झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार झमाडा के मृत कर्मचारियों के आश्रितों ने अनुकंपा पर नियोजन की मांग को लेकर 28 महीने से लगातार चल रहे धरना के बाद अब आर पार का आंदोलन करने की घोषणा की है। प्रभावित लोगों ने बताया कि उनके भविष्य के साथ झमाडा प्रबंधन खिलवाड़ कर रहा है। कार्य बल की कमी रहने के बावजूद बाहरी मजदूरों और सेवानिवृत कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है, जिससे आश्रित खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस मामले में झमाडा के अनुकंपा पर आधारित आश्रितों की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि 15 जून तक प्रबंध निदेशक स्तर पर वार्ता नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# 45 दिनों तक शाम 4 बजे से चलेगा डिजनीलैंड मेला

## मेले का जिप अध्यक्ष व भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला परिषद मैदान में शनिवार को डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह व भाजपा के जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने किया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि इस मेले में भरपूर मनोरंजन के साथ लोगों को अलग अलग वस्तुओं की खरीदारी का अवसर प्राप्त होगा। आयोजकों ने मेले में कई बदलाव किये हैं। आयोजक मुन्ना सिंह ने बताया कि मेला 45 दिनों तक चलेगा। शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। मेले का मुख्य आकर्षण अंडर वाटर फिश टनल है। मेले में बच्चे और बड़ों के लिए ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चंद्रतारा झूला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक, हेलीकाप्टर और हॉर्स राइड की व्यवस्था है।

# एसएनएमएमसीएच में अब सस्ती दरों पर मिलेगी जेनरिक दवा

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद ।** जरूरतमंदों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें दवा के लिए अब भारी-भरकम खर्च नहीं करना होगा। शनिवार को एसएनएमएमसीएच के ओपीडी ब्लॉक में एक नया जन औषधि केंद्र खोला गया। केंद्र पर मरीजों को सस्ती दर पर जेनेरिक दवाएं मिल सकेंगी। यह ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। इस नए केंद्र का संचालन निजी एजेंसी करेगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र में फिलहाल 200 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं साथ ही सर्जिकल उपकरण भी उपलब्ध है। दवाओं पर 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट मरीजों को मिलेगी। बताया कि और भी दवाओं का ऑर्डर दिया गया है। मरीजों को यहां अधिक सेअधिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### एफएसटीपी प्लांट संचालन के लिए एसएचजी महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** नगर विकास व आवास विभाग यूनिसेफ झारखंड व नगर परिषद चिरकुंडा द्वारा शनिवार को प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। यूनिसेफ के सदस्यों को एसएचजी की महिलाओं ने फूल व बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन चिरकुंडा नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने किया व अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने की। एसएचजी की महिला एवं सफाई कर्मी को बताया गया कि मल में 90% जल एवं 10% मल की मात्रा होती है। इस प्लांट के जरिये मल से होने वाली बीमारी को कम किया जा सकता है। परंतु यह तभी संभव है।इसका उपयोग सिर्फ नगर परिषद में ही नहीं,बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी करेंगे जिससे पर्यावरण दूषित होने से बचे। चिरकुंडा में 12 केएलडी प्लांट है, जिसका मात्र 15% ही हम लोग उपयोग कर पा रहे हैं। इस प्लांट के शत प्रतिशत उपयोग के लिए प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्लांट के संचालन में कोई असुविधा ना हो इसलिए इसका टोल फ्री नंबर 0654296203 जारी किया गया है।

# डीसी ने वयस्क बीसीजी टीकाकरण मामले में दिये निर्देश

## टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने अभियान को सफल बनाने पर किया गया चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता




**गिरिडीह ।** समाहरणालय में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान से संबंधित द्वितीय जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत टीका 18 वर्ष से अधिक आयु के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इस अभियान के तहत टीबी की बीमारी भुगत चुके व्यक्तियों, ऐसे मरीज के संपर्क में रहने वाले लोगों ( परिवार वाले, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता), 60 वर्ष और उसे अधिक के बुजुर्ग, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति, मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग (स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग) द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। प्रथम सप्ताह के अंदर प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया। तीसरे सप्ताह तक सर्वे एवं चौथे सप्ताह तक माइक्रोप्लान पूरा कर लेना है, जिससे वयस्क बीसीजी टीकाकरण शुरू को सफल बनाया जा सके। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ माइक्रोप्लान तैयार कर अभियान सफल बनाने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराएंगे एवं जिन क्षेत्र में सहिया नहीं है, वहां सेविका सहयोग करेंगी। साथ ही कुपोषण उपचार केंद्र, सदर अस्पताल में आवश्यक सामग्री, ब्लड बैंक, ब्लड डोनेशन कैंप, आरआई एवं इलेक्शन से संबंधित समीक्षा की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ, एलएस, एवं स्वयं सेवी संस्था के लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### रसोईया धमना पैक्स में विधायक ने धान बीज वितरण केंद्र का किया उद्घाटन



**बरही।** रसोईया धमना पैक्स में शनिवार को धान बीज वितरण केन्द्र का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। अकेला ने कहा कि झारखंड सरकार मानसून का मौसम आने से पहले ही किसान भाइयों के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध करवा दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दो को लेकर मैं लगातार प्रयासरत हूं। मौके पर मनोज रजक संजय यादव, अब्दुल मनान वारसी, गोविंद साव, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा आदि उपस्थित थे।

### छड़वा डैम में नहाने के दौरान युवक डूबा

**कटकमसाडी।** पेलावल ओपी क्षेत्र के छड़वा डैम में रोमी पंचायत निवासी सोहेल अंसारी (उम्र 15 वर्ष) की मौत डूबने से हो गई। घटना शनिवार को करीब 11 बजे की है। शव को स्थानीय युवाओं के मदद से बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक सोहेल तीन चार साथियो के साथ छड़वा डैम नहाने आया था। नहाने के क्रम में वह दूर गहरे पानी मे चला गया और डूब गया। मृतक के मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शेख भीखारी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

### वारंटियों की गिरफ्तार करें : एसडीपीओ

**बरही।** शुक्रवार को एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने कार्यालय में समीक्षात्मक बैठक की। एसडीपीओ ने थानावार अपराधियों की गिरफ्तारी, प्राथमिकी, लंबित मामले आदि पर जानकारी ली। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने वारंटियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। बैठक में बरही थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, अंचल इंस्पेक्टर विमल कुमार, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश भोक्ता, गोरहर अजय कुमार सिंह, पदमा राणा भानु प्रताप सिंह व अन्य शामिल थे।

### ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री करने वाला धराया

**बड़कागांव।** पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि संतोष कुमार अपने किराना दुकान में ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री करते हैं। पुलिस ने संतोष कुमार को ब्राउन शुगर पकड़ा। पांचो कागज पुड़िया सहित वजन करने पर 6.10 ग्राम पाया गया। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या 148/24 एनडीपीएस धारा की सुसंगत धाराओं के तहत अंकित किया गया। छापामारी में एसडीपीओ कुलदीप कुमार,थाना प्रभारी मुकेश कुमार और सशस्त्र बल, थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### विद्यालय के प्रधानाध्यापक को मातृ शोक

**झरपा।** भराजो पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैराजो के प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार दास के माता का देहांत शनिवार को रांची मेडिको अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। मृतिका अपने पीछे पति बेटे बेटी नाती पौता समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गई।

### अविनाश चन्द्रवंशी करायेंगे सामूहिक विवाह

बरही। भाजपा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी सह समाजसेवी अविनाश आर्या चंद्रवंशी नि:शुल्क सामूहिक विवाह करवायेंगे। चन्द्रवंशी ने बताया कि जिनके माता पिता नही है या कोई निर्धन हो वैसी बेटियों का विवाह करवाना चाहते हैं, जिसका रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा । उसका सत्यापन टीम व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आदर्श सामूहिक विवाह के तहत प्रत्येक जोड़े को पलंग सेट, दूल्हा दुल्हन का जोड़ा, अलमीरा सेट, बर्तन सेट और कुछ राशि सहयोग प्रदान की जायेगी। इसका नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन 10 जुलाई तक किया जायेगा ताकि विवाह समारोह के पूर्व तैयारी सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए उन्होंने 9060610777, 7004141342, 8294975482 नंबर पर संपर्क अनुरोध किया।

### डिज्नीलैंड व मीना बाजार का उद्घाटन

**बड़कागांव।** प्रेम नगर में डिज्नीलैंड मेला शाह मीना बाजार का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, मुखिया मोहम्मद तकरीमूला खान, मुखिया विमला देवी ने किया। पूर्व विधायक ने कहा कि डिज्नीलैंड में शांति बनाकर मनोरंजन करें। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि इन दोनों मोटरसाइकिल चोरी एवं नशा पान को लेकर अपराधिक घटनाएं बढ़ गई है। मेले में आए अपने-अपने मोटरसाइकिल को सुरक्षित रखें। डिज्नीलैंड के प्रबंधक बबलू कुमार एवं पंचम कुमार ने बताया कि यहां पर मौत का कुआं, टोरा टोरा झुला,टावर झूला, ब्रेक डांस झूला, बच्चों के लिए मिकी माउस ,जंपिंग स्कॉर्पियो झूला एवं खाने पीने की विभिन्न तरह के होटल ,श्रृंगार ,भेलपुरी दुकान की यहां व्यवस्था है।

### 12 जून तक पीएफ संबंधित होंगे काम

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ग्लास फैक्ट्री में काम करने वाले वर्कर्स के लिए राहत की खबर है। विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर रांची स्थित भविष्य निधि कार्यालय में 10 से 12 जून तक हेल्प डेस्क बनाया जाएगा। ग्लास फैक्ट्री में काम करने वाले वर्कर्स के लिए पीएफ सुनिश्चित करने हेतु कार्य किया जाएगा। विधायक ने शुक्रवार को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजितेश कुमार से मुलाकात करके वर्कर्स की समस्याओं से अवगत कराया। वर्कर्स को उनका पीएफ मिल सके। इसलिए विधायक की मांग पर हेल्प डेस्क बनाया जा रहा है। विधायक ने सभी वर्कर्स से अपील की कि समय पीएफ लेने प्रक्रिया को पूर्ण कर ले। मौके पर ग्लास फैक्टरी के कर्मी रामशरण गिरी, नागेंद्र प्रसाद, शिवकुमार शर्मा, अजय, मिथिलेश, संतोष ओझा, संजय श्रीवास्तव, लालमुनी चौबे, रत्नाकर स्वर्ण आदि उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में कायस्थ महासभा बैठक आज

भुरकुंडा। उत्सव मैरिज हॉल में रविवार को सुबह 10 बजे से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई रामगढ़ की प्रदेश स्तरीय बैठक होगी। बैठक में संगठन का विस्तार व सशक्त करने पर विचार-विमर्श किया जायेगा। साथ ही सामाजिक उत्थान और चित्रांश युवाओं को संगठन के साथ जोड़ने और उनकी भूमिका तय करने और जिला अध्यक्ष अरूण सिन्हा के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। परिचर्चा और सुझाव के बाद सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा ने कायस्थ महासभा के लोगों से उक्त बैठक में ससमय पहुंचने की अपील की है।

### सांसद को उज्जवला फाउंडेशन ने दी बधाई

**कुजू।** मोतीराम कॉम्प्लेक्स में शनिवार को उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक हुई। बैठक में हजारीबाग लोकसभा से मनीष जायसवाल के जीत पर फाउंडेशन के सदस्यों ने बधाई दी। साथ ही नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। बाद में उज्ज्वला फाउंडेशन के मजबूती पर भी चर्चा किया गया। सदस्यों के किट का वितरण भी किया गया। बैठक में सुखदेव सोनी, आशा देवी, वीणा देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, मीनू देवी, संगीता देवी, मीणा, अनिता, सुनीता आदि मौजूद थे।

### स्कूल के जीर्णोद्धार का भूमि पूजन

कुजू। राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय तोयरा के जीर्णोद्धार का शनिवार को भूमिदाता के वंशज रामभजन लाल महतो ने भूमि पूजन किया। समर इंटरप्राइजेज के संवेदक ने जर्जर पड़े विद्यालय को ध्वस्त कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया। साथ ही विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के शैक्षणिक कार्य जारी रखने के लिए वैकल्पिक रूप से स्थानीय निवासी रोशन महतो के आवास पर कमरे के निर्माण तक स्थानांतरण किया गया।

# गीताजंली ज्वेलर्स में लूटपाट करने वाले 5 अपराधी धराये

**आर्टिफिसियल जेवर, घटना में इस्तेमाल दो ऑटोमेटिक पिस्तौल और दो मोटरसाईकिल बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग ।** काली बाड़ी स्थित गीताजंली ज्वेलर्स में लूटपाट करने वाले पांच अपराधियों को सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों में डेविड मिंज पे०- दानियल मिंज - मांडेर टोला मंदाली टांड थाना टंडवा जिला चतरा, अविनाश कुमार, पे-कोलेश्वर राम सा बानादाग थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग, विद्या कुमार उर्फ बेदिया, पे. दिपु प्रसाद सा. बांका थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग, पंकज कुमार, पे० बिरजु महतो सा. बांका थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग और विक्रम कुमार, पे. कोलेश्वर साव सा.+थाना-कटकमदाग जिला हजारीबाग शामिल हैं। इनके पास से दो ऑटोमेटिक पिस्टल भी बरामद किया गया है। ज्ञात हो की गत 16मार्च को संध्या करीब 09:00 बजे काली बाड़ी स्थित गीताजंली ज्वेलर्स में हथियार से गोली चलाते हुए लूट की घटना घटी थी। इस घटना पर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा अनुसंधान और कांड के उद्भेदन हेतु शिवाशीष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। विशेष अनुसंधान टीम के द्वारा कांड के अनुसंधान में प्राप्त साक्ष्यों का टेक्निकल विशलेषण तथा सूचना तंत्र के आधार पर उद्भेदन करते हुए इस कांड में शामिल सभी पांच अपराधियों को कांड में लूटा हुआ आर्टिफिसियल जेवर तथा घटना में इस्तेमाल हथियार (दो ऑटोमेटिक पिस्तौल, गोली के साथ) तथा घटना में उपयोग में लाई गई दो मोटरसाईकिल (जो माह फरवरी में बड़कागांव थान क्षेत्र से चोरी किया गया है को बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया।

# लायंस क्लब भुरकुंडा में लगा स्वास्थ्य शिविर

**▸▸ 75 लोगों ने कराया बीपी आरबीएस व इसीजी जांच**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पारस एचईसी रांची एवं लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से शनिवार को राज नर्सिंग होम में निःशुल्क हृदय जांच एवं कैंसर जागरूकता शिविर लगा। डॉ. महेश कुशवाहा कंस्ल्टेंट कार्डियोलॉजी एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएम (कार्डियोलॉजी) ने 75 मरीजों का निःशुल्क हृदय जांच किया। डॉ. महेश कुशवाहा ने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए खान-पान में परहेज करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खैनी, बीडी, सिगरेट, गुटखा व पान मशाला कैंसर का मुख्य कारण है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। साथ ही बाजारों में बिकने वाले मिलावटी खान-पान से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर एक घातक बीमारी है जो कि हो जाने के बाद व्यक्ति को तुरंत पता नहीं चलता, अगर समय पर इलाज कराया जाये तो रोगी ठीक हो सकता है। उन्होंने लोगों से हल्की-फुल्की भी शारीरिक तकलीफ होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की बात कही। अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करता आया है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब द्वारा आगे भी शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जायेगा।

## संघर्ष समिति ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित ग्रामीण संघर्ष समिति के बैनर तले मतकमा सहित तीन पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को रोडसेल भुरकुंडा में भागीदारी को लेकर बरका सयाल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि तीनों पंचायत के बेरोजगार नौजवानों को रोजगार के तौर पर भुरकुंडा लोकल सेल में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण बेरोजगार को रोजगार देते हुए उचित मजदूरी देने, मजदूरों के लिए फर्स्ट एड की व्यवस्था करने, चना गुड़ और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने आदि मांगें शामिल है। प्रबंधन तीन दिनों के अंदर प्रक्रिया पर पहल कर समिति को अवगत कराये। अन्यथा समिति अपने हक अधिकार के लिए चरणबद्ध आन्दोलन करेगी। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी।

# झारखंड सेवा समिति ने पशु-पक्षियों के लिए दिया टब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा के सौजन्य से शुक्रवार को वार्ड नंबर 6 के करमाली मुहल्ला में भीषण गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों के लिए ज्ञान महिला समिति को दिया टब।

सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा कि इस समय काफी भीषण गर्मी पड़ रही है और नदी नाले सूख गए हैं। जिससे पशु पक्षियों को पीने के लिए पानी नही मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि हम लोगों का दायित्व बनता है कि पशु पक्षियों की मदद के लिए टबों में पानी भरकर उसे पेड़ों के छांव में रखें।



ताकि इस भीषण गर्मी में पशु पक्षी अपनी प्यास बुझा सके। ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं से यह अपील किया कि जब तक बारिश आरंभ नही हो जाता तबतक पेड़ों की छांव में टबों में पानी भरकर रखें।


प्रपत्र–VI

झारखण्ड सरकार

समाहरणालय, कोडरमा, (भू–अर्जन शाखा).या, समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 धारा 19 (1) के अधीन)**

संख्या :– 87 / दिनांक :– 10/04/ 2024

चूंकि समाहर्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा पंचखेरी जलाशय योजना अन्तर्गततानो शाखा नहर हेतु ग्राम– ललकापानी उर्फ गोन्दरडीह, थाना–मरकच्चो, थाना संख्या–144, अंचल–मरकच्चो, जिला–कोडरमा में कुल–3.40 एकड़ यानि–1.376518 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमबेश– 3.40 एकड़ यानि– 1.37593 हेक्टेयर मानक माप का है, और जो ग्राम–ललकापानी उर्फ गोन्दरडीह, थाना–मरकच्चो, थाना संख्या–144, अंचल–मरकच्चो, जिला–कोडरमामें है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र० सं० | खाता संख्या | सर्वे प्लाट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए०) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भू–खण्ड संख्या) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33 | 380 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.50 | चन्द्रिका राणा, बलदेव राणा, गिरधारी राणा, पिता स्व० लख्खु राणा, बैजनाथ राणा, भुवनेश्वर राणा, सुरेन्द्र राणा, चेतो राणा, जगदीश राणा, मो० सोनिया देवी, पति प्रकाश राणा, लालजीत राणा, गोविन्द राणा, कैलाश राणा, पिता स्व० ईश्वर राणा, सुखदेव राणा, किशुर राणा, रितलाल राणा, पिता स्व० बासुदेव राणा, नारायण राणा, दामोदर राणा, अशोक राणा, पिता स्व० मेघन राणा, मो० तारा देवी, पति बन्धन राणा, दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता स्व० घनश्याम राणा, अजित राणा, मिथुन राणा, पिता स्व० सहदेव राणा जाति–बढ़ी, निवासी–बोदगो। | 379 | 382 | 380 अंश एवं 381 | 380 अंश |
| 2 | 3 | 382 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.65 | बासुदेव मोदी, मथुरा मोदी, पिता स्व० वजीर मोदी, वो मो० सकुना, पति स्व० जगदीश मोदी वो महरू मोदी पिता स्व० पोखन मोदी, वो सुखदेव मोदी, केदार मोदी, उमेश मोदी, पिता स्व० रामचन्द्र मोदी वो मो० सावित्री देवी पति स्व० वंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी, सुधीर त्रिवेनी, पिता स्व० बैजनाथ मोदी, गोपी मोदी, किशोर मोदी, पिता स्व० जगदीश मोदी वो मो० द्रौपदी देवी पति स्व० इन्द्रदेव मोदी वो अशोक मोदी, श्याम मोदी, सुन्दर मोदी, मनोज मोदी, संजय मोदी, पिता स्व० भुवनेश्वर मोदी वो ब्रह्मदेव मोदी, बालेश्वर मोदी, बिरेन्द्र मोदी, पिता महावीर मोदी जाति–बनिया, निवासी–बोदगो। | 380 | 382 | 382 अंश | 382 अंश |
| 3 | 3 | 382 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.21 | श्रीमती बैजन्ती देवी, पति विजय मोदी वो श्रीमती तारा देवी, पति सुरेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, वो मो० कौशल्या देवी, पति स्व० सहदेव मोदी वो दीपक कुमार मोदी, पिता स्व० बाबूलाल मोदी वो बीकू कुमार वर्णवाल, पिता स्व० अर्जुन मोदी वो किशोर मोदी, पिता स्व० बोदो मोदी जाति–बनिया, निवासी–बोदगो। | 382 अंश | 382 अंश एवं 607 | 382 अंश | 382 अंश |
| 4 | 3 | 382 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.18 | प्रमेश्वर मोदी वो अर्जुन मोदी, पिता स्व० खुबलाल मोदी वो मो० विमला देवी, पति स्व० शंकर मोदी वो नुनमण मोदी, सुरेश मोदी, प्रदीप मोदी पिता स्व० बद्री मोदी, जाति–बनिया, निवासी–बोदगो। | 382 | 604 एवं 605 | 607 | 382 अंश |
| 5 | 3 | 607 | कायमी | टाँड़ एक | 0.06 | श्रीमति बैजयन्ती देवी पति विजय मोदी वो श्रीमति तारा देवी पति सूरेश प्रसाद वगैरह। | 382 | 306 | 607 अंश | 382 |
| 6 | 34 | 606 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.025 | सुखदेव राणा, किशुन राणा, रीतलाल राणा, पिता स्व० बासुदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 607 | 612 | 606 अंश | 605 |
| 7 | 34 | 605 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.04 | मो० तारा देवी, पति स्व० बन्धन राणा, निवासी निज ग्राम। | 382 | 613 | 606 | 604 |
| 8 | 34 | 604 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.06 | सुखदेव राणा, किशुन राणा, रीतलाल राणा, पिता स्व० बासुदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 882 | 602 | 605 एवं 613 | 604 अंश |
| 9 | 34 | 602 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.02 | मो० तारा देवी, पति स्व० बन्धन राणा, दामोदर राणा, अशोक राणा, पिता स्व० मेघन राणा, नि०नि०ग्रा० | 604 | 601 | 613 | 602 अंश |
| 10 | 34 | 601 | कायमी | धान तीन | 0.02 | सुखदेव राणा, किशुन राणा, रीतलाल राणा, पिता स्व० बासुदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 602 | 600 | 614 | 601 अंश |
| 11 | 34 | 613 | कायमी | धान तीन | 0.05 | अजित राणा, मिथुन राणा पिता स्व० सहदेव राणा वो पोखण राणा, झरी राणा, विशनु राणा पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता स्व० घनश्याम राणा, निवासी निज ग्राम। | 605 | 614 | 612 | 601 एवं 604 |
| 12 | 34 | 612 | कायमी | टाँड़ दो | 0.025 | जगदीश राणा, लालजी राणा, गोविन्द राणा, पिता स्व० गुल्ली राणा वो मो० बैजन्ती देवी, पति स्व० प्रकाश राणा, नि०नि०ग्राम। | 606 | 614 | 612 अंश | 613 |
| 13 | 34 | 614 | कायमी | टाँड़ दो | 0.08 | नारायण राणा, दामोदर राणा, अशोक राणा, पिता स्व० मेघन राणा, निवासी निज ग्राम। | 613 एवं 612 | 615 एवं 616 | 614 अंश | 602 एवं 601 |
| 14 | 33 | 600 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.05 | पोखन राणा, झरी राणा, विशुन राणा, पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता घनश्याम राणा वो अजित राणा, मिथुन राणा, पिता स्व० सहदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 601 | 620 | 615 | 600 अंश |
| 15 | 34 | 615 | कायमी | धान तीन | 0.04 | अजित राणा, मिथुन राणा पिता स्व० सहदेव राणा वो पोखण राणा, झरी राणा, विशनु राणा पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता स्व० घनश्याम राणा, निवासी निज ग्राम। | 614 | 620 | 616 | 600 |
| 16 | 34 | 616 | कायमी | टाँड़ दो | 0.04 | पोखन राणा, झरी राणा, विशुन राणा, पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता घनश्याम राणा वो अजित राणा, मिथुन राणा, पिता स्व० सहदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 614 | 619 | 616 अंश | 615 |
| 17 | 34 | 619 | कायमी | टाँड़ दो | 0.04 | वैद्यनाथ राणा, भुवनेश्वर राणा, सुरेन्द्र राणा, पिता चैतो राणा, निवासी निज ग्राम। | 616 | 622 | 619 अंश | 620 |
| 18 | 34 | 620 | कायमी | धान तीन | 0.04 | जगदीश राणा, लालजी राणा, गोविन्द राणा, पिता स्व० गुल्ली राणा वो मो० वैजन्ती देवी, पति स्व० प्रकाश राणा, नि०नि०ग्राम। | 615 | 621 | 619 | 619 |
| 19 | 33 | 599 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.06 | 1. जगदीश राणा, पिता स्व० गुली राणा वो चन्द्रिका राणा, बालदेव राणा, गिरधारी राणा, पिता स्व० लहु राणा। 2. जगदीश राणा मो० वैजन्ती देवी, पति प्रकाश राणा, लालजी राणा, गोविन्द राणा, पिता स्व० गुल्ली राणा। 3. वैजनाथ राणा, भुवनेश्वर राणा, सुरेन्द्र राणा, पिता स्व० चैतो राणा वो कैलाश राणा, पिता स्व० ईश्वर राणा। | 600 | 598 | 520 एवं 621 | 599 अंश |
| 20 | 34 | 621 | कायमी | धान तीन | 0.07 | सुखदेव राणा, किशुन राणा, रीतलाल राणा, पिता स्व० बासुदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 620 | 628 | 622 एवं 623 | 599 एवं 598 |
| 21 | 34 | 622 | कायमी | टाँड़ दो | 0.07 | सुखदेव राणा, किशुन राणा, रीतलाल राणा, पिता स्व० बासुदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 619 | 623 | 625 | 621 |
| 22 | 34 | 623 | कायमी | टाँड़ दो | 0.07 | वैजनाथ राणा, भुवनेश्वर राणा, सुरेन्द्र राणा, पिता स्व० चैतो राणा वो कैलाश राणा, पिता स्व० ईश्वर राणा। | 622 | 628 एवं 627 | 623 अंश | 621 |
| 23 | 03 | 627 | कायमी | टाँड़ दो | 0.02 | सुखदेव मोदी, केदार मोदी, उमेश मोदी, पिता स्व० रामचन्द्र मोदी वो मो० सावित्री देवी, पति स्व० वंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी पिता स्व० वैजनाथ मोदी निवासी निज ग्राम। | 623 | 630 | 627 अंश | 628 |
| 24 | 03 | 628 | कायमी | धान तीन | 0.08 | सुखदेव मोदी, केदार मोदी, उमेश मोदी, पिता स्व० रामचन्द्र मोदी वो मो० सावित्री देवी, पति स्व० वंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी पिता स्व० वैजनाथ मोदी वो गोपी मोदी, किशोर मोदी, पिता स्व० जगदीश मोदी, मो० द्रौपदी देवी पति स्व० इन्द्रदेव मोदी वो अशोक मोदी, श्याम मोदी, सुन्दर मोदी, मनोज मोदी, संजय मोदी, पिता स्व० भुवनेश्वर मोदी वो ब्रह्मदेव मोदी, बालेश्वर मोदी, बिरेन्द्र मोदी, पिता महावीर मोदी जाति–बनिया, निवासी निज ग्राम। | 598 | 534 | 629 एवं 632 | 633 अंश |
| 25 | 33 | 598 | कायमी | धान तीन | 0.07 | अजित राणा, मिथुन राणा पिता स्व० सहदेव राणा वो पोखण राणा, झरी राणा, विशनु राणा पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता स्व० घनश्याम राणा, निवासी निज ग्राम। | 598 | 534 | 629 एवं 632 | 633 |
| 26 | 35 | 633 | कायमी | धान तीन | 0.04 | मे० तारा देवी पति बन्धन राणा। | 599 | 633 | 628 एवं 621 | 698 अंश |
| 27 | 03 | 629 | कायमी | धान तीन | 0.10 | विजय मोदी पिता स्व० जगदीश मोदी निवासी निज ग्राम। | 628 | 632 | 630 | 633 |
| 28 | 03 | 630 | कायमी | टाँड़ तीन | 0.02 | विजय मोदी पिता स्व० जगदीश मोदी निवासी निज ग्राम। | 627 | 631 | 630 | 629 |
| 29 | 03 | 631 | कायमी | टाँड़ दो | 0.02 | शुशीला देवी, पति सूखदेव मोदी। | 630 | 636 | 631 अंश | 632 |
| 30 | 03 | 632 | कायमी | धान | 0.11 | सुखदेव मोदी, केदार मोदी, उमेश मोदी, पिता स्व० रामचन्द्र मोदी वो मो० सावित्री देवी, पति स्व० वंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी पिता स्व० वैजनाथ मोदी | 629 | 635 | 631 | 634 |
| 31 | 35 | 634 | कायमी | धान तीन | 0.03 | मो० तारा देवी पति स्व० बन्धन राणा, नारायण राणा, दामोदर राणा, अशोक राणा पिता स्व० मेघन राणा निवासी निज ग्राम। | 633 | 639 | 632 | 593 |
| 32 | 35 | 639 | कायमी | धान तीन | 0.04 | नारायन राणा अशोक राणा दामोदर राणा पिता स्व० मेघन राणा नि० नि० ग्राम | 633 | 640 | 632 | 639 अंश |
| 33 | 03 | 635 | कायमी | धान तीन | 0.10 | सुखदेव मोदी, केदार मोदी, उमेश मोदी, पिता स्व० रामचन्द्र मोदी वो मो० सावित्री देवी, पति स्व० वंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी पिता स्व० वैजनाथ मोदी नि० नि० ग्राम | 632 | 638 | 636 | 639 |
| 34 | 03 | 636 | कायमी | टाँड़ दो | 0.01 | सुखदेव मोदी, केदार मोदी, उमेश मोदी, पिता स्व० रामचन्द्र मोदी वो मो० सावित्री देवी, पति स्व० वंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी पिता स्व० वैजनाथ मोदी नि० नि० ग्राम। | 631 | 637 | 636 अंश | 635 |
| 35 | 03 | 637 | कायमी | धान तीन | 0.005 | सुखदेव मोदी, केदार मोदी, उमेश मोदी, पिता स्व० रामचन्द्र मोदी वो मो० सावित्री देवी, पति स्व० वंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी पिता स्व० वैजनाथ मोदी नि० नि० ग्राम। | 636 | 643, 644 | 637 अंश | 638 |
| 36 | 03 | 638 | कायमी | धान तीन | 0.12 | लक्ष्मन मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी, पिता स्व० वैजनाथ मोदी। | 635 | 634, 644, 643 | 637 | 639 |
| 37 | 35 | 640 | कायमी | धान तीन | 0.04 | अजित राणा, मिथुन राणा पिता स्व० सहदेव राणा वो पोखण राणा, झरी राणा, विशनु राणा पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता स्व० घनश्याम राणा, निवासी निज ग्राम। | 639 | सीमा रेखा ग्रामअम्बाडीह | 641 | 640 अंश |
| 38 | 34 | 641 | कायमी | धान तीन | 0.06 | अजित राणा, मिथुन राणा पिता स्व० सहदेव राणा वो पोखण राणा, झरी राणा, विशनु राणा पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता स्व० घनश्याम राणा, निवासी निज ग्राम। | 638 | सीमा रेखा ग्रामअम्बाडीह | 642 | 640 |
| 39 | 34 | 642 | कायमी | धान तीन | 0.08 | पोखन राणा, झरी राणा, विशुन राणा, पिता स्व० चमन राणा वो दामोदर राणा, मुकेश राणा, पिता घनश्याम राणा वो अजित राणा, मिथुन राणा, पिता स्व० सहदेव राणा, निवासी निज ग्राम। | 638 | सीमा रेखा ग्रामअम्बाडीह | 643 | 641 |
| 40 | 34 | 643 | कायमी | धान तीन | 0.055 | कैलाश राणा, पिता स्व० ईश्वर राणा। | 638 एवं 637 | सीमा रेखा ग्रामअम्बाडीह | 644 | 642 |
| | कुल रकबा :– | | | | 3.40 | | | | | |

अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और (अधिनियम संख्या–30/2013) की धारा–15 में प्रदत यथाउपबन्धित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के मामले यहाँ नहीं है।

ग्राम– ललकापानी उर्फ गोन्दरडीह, थाना– मरकच्चो, थाना संख्या–144, अंचल– मरकच्चो, जिला–कोडरमा में कुल– 3.40 एकड़ यानि– 1.376518 हेक्टेयर विशेश भू–अर्जन पदाधिकारी, तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग।

ह0/– अपर समाहर्त्ता, कोडरमा।

ह0/– उपायुक्त कोडरमा –सह–समुचित सरकार, झारखण्ड।

PR 325653 Water Resource(24-25)#D

## स्पीड न्यूज

### 108 किलो गांजा के साथ घाघरा पुलिस ने दो तस्कर को किया गिरफ्तार



गुमला। घाघरा पुलिस ने 108 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार युवकों में बिहार के रोहतास जिला के जिगनी गांव निवासी 22 वर्षीय अंकित कुमार पिता सत्येंद्र पांडे व उत्तर प्रदेश राज्य के जौनपुर जिला के भानपुर गांव निवासी 19 वर्षीय राज सिंह पिता उपेंद्र सिंह के नाम शामिल है। इस संबंध में शनिवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि घाघरा पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में बिना नंबर प्लेट के एक सफेद कार गुमला की ओर से आ रहा था। जिसे वाहन चेकिंग में लगे पुलिस कर्मी रूकने का इशारा किये। लेकिन वाहन चालक वाहन नहीं रोका और चकमा देकर भागने लगा। पुलिस पेट्रोलिंग टीम वाहन का पीछा किया। इसी दौरान देवाकी बाबा धाम टर्निंग के पास वाहन एक पेड़ से जा टकरायी। जिसके बाद वाहन चालक व वाहन में बैठा दूसरा युवक भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों युवकों को पकड़ा। जिसके बाद वाहन की तलाशी ली गयी। जिसमें वाहन में मार्क ए, बी, सी व डी करके चार बोरे मिले। जिसे जांचने पर उसमें गांजा पाया गया। गिरफ्तार युवकों को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक राज सिंह के खिलाफ जौनपुर उत्तर प्रदेश में मारपीट का एक मामला दर्ज है। छापामारी दल में पुअनि विकास कुमार, पुअनि राहुल पासवान, सअनि नागमणि सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर ट्रैक्टर में लदे लकड़ी को किया जब्त



गुमला। वन विभाग की टीम द्वारा बीते शुक्रवार की रात्रि भरनो थाना क्षेत्र के मलगो गांव के नदी के पास ट्रैक्टर में लदे 8 बोटा तुंज की लकड़ी और एक ट्रैक्टर जब्त किया है। वन विभाग की टीम को देखते हुए ट्रैक्टर का चालक अंधेरे का लाभ उठाकर ट्रैक्टर छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। टीम द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को 10 बजे रात्रि गुप्त सूचना मिली कि सिसई थाना क्षेत्र के छारदा गांव के रास्ते से ट्रैक्टर में लादकर अवैध रूप से पेड़ काटकर ले जाया जा रहा है। ट्रैक्टर जब्त करते हुए सिसई वन परिसर ले जाया गया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रामपुर गांव निवासी रिकोनंड खलखो पिता स्वर्गीय मिल्यानुस खलखो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक चैनपुर से पैदल अपने गांव रामपुर जा रहा था। तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मारकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी। युवक को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।

### फरार चल रहे दो अभियुक्तों के घर पर जारी पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



जारी। लंबे समय से फरार चल रहे गोबिन्दपुर निवासी अलताफ खान और पगुरा निवासी कृष्णा सिंह के घर में शनिवार को जारी पुलिस ने ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया। ज्ञात हो कि गोबिन्दपुर निवासी अलताफ खान के ऊपर मोटर साईकिल तथा सेन्टीरिंग प्लेट चोरी के मामले में कांड संख्या 18/23 दर्ज है। वहीं पगुरा गांव निवासी कृष्णा सिंह के ऊपर अपने ही भाभी एवं भतीजी के साथ मारपीट का मामला जारी थाना में कांड संख्या 20/23 दर्ज है। जारी थाना के एएसआई बिनोद शर्मा और अरूण कुमार पाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपी के घर मे इश्तेहार चिपकाया गया है। आरोपी एक महीना के अन्दर कोर्ट में पेश हो अन्यथा कुड़की जब्ती किया जाएगा।

### लव जिहाद धर्मांतरण जैसे मुद्दे हैं जो हिंदू समाज को कमजोर बना रहे हैं: अमरीश



गुमला। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डीएसपी रोड गुमला के सभागार में दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का तीसरा दिन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अमरीश सिंह ने कहा कि भारत के इस गौरवशाली इतिहास में देश विकसित रूप में आगे बढ़ रहा है। लेकिन अपने इतिहास में कई बार विदेशी आक्रमणकारियों का सामना देश ने किया। आक्रमण की शुरूआत मुस्लिम शासको ने किया। अंग्रेज ने भारत का खूब शोषण किया इस कारण भारतीय लोगों ने बहुत मुश्किलें झेली। उन्होंने कहा कि लव जिहाद धर्मांतरण जैसे राष्ट्रीय मुद्दे हैं जो हिंदू समाज को कमजोर बना रहे हैं। अगर हम संगठित रूप से इन सब विषयों पर ध्यान नहीं देंगे तो बड़ी-बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। अपने धार्मिक परंपराओं को हिंदू समाज के हर युवा पीढ़ी के बीच में स्थापित करने की आवश्यकता है। आज जिस तरह से दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में सैकड़ो की संख्या में हमारे बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण लेने वाले यही बच्चे राष्ट्र और धर्म के लिए आगे आएंगे। प्रशिक्षण वर्ग में चंदा सिंह मातृ शक्ति प्रमुख, सुषमा सुमन मातृशक्ति प्रमुख प्रान्त, अनिमा पांडेय मातृशक्ति प्रमुख, कौशल मितल, प्रिंस जी प्रान्त विशेष प्रमुख, प्रान्त संयोजिका अनुराधा कच्छप, कुलदीप सिंह, केशव चन्द्र साय,अजय सिंह राणा,पुनम सिंह,शैल सिंह, मनोज वर्मा, गंगा कुमारी मुकेश सिंह, रविन्द्र सिंह शिवा गुप्ता लायन मनीष सुरेन्द्र साहु, यशराज सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# एआईसीटीई छात्रों के लिए यशस्वी स्कॉलरशिप स्कीम चला रही है गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज

**खबर मंत्र संवाददाता**

**इस योजना के अंतर्गत सभी वर्गों के मेधावी छात्र-छात्राओं को 12000 हजार रूपया प्रतिवर्ष उनकी पिछली परीक्षा के अंकों के आधार पर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर के माध्यम से अधिकतम 3 वर्षों के लिए दिया जायेगा**

**गुमला।** भारत में तकनीकी शिक्षा का क्षेत्र वर्तमान में वैश्विक परिदृश्य के समकक्ष आने के लिए एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रहा है। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस परिवर्तनकारी यात्रा में मार्गदर्शक का कार्य कर रही है। इंजीनियरिंग की मुख्य शाखाएं विनिर्माण उद्योगों के विकास में एक अतिमहत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन्ही सब बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा इंजीनियरिंग करने हेतु प्रेरित करने के लिए आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन नई दिल्ली ने सभी वर्गों के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृति की योजना बनाई है। 7 जून 2024 को एआईसीटीई के चेयरमैन के द्वारा यशस्वी स्कॉलरशिप स्कीम का लोकार्पण किया गया। इस योजना के अंतर्गत सभी वर्गों के मेधावी छात्र-छात्राओं को 12000 हजार रूपया प्रतिवर्ष उनकी पिछली परीक्षा के अंकों के आधार पर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर के माध्यम से अधिकतम 3 वर्षों के लिए दिया जायेगा। इसके लिए आवेदन नेशनल स्कालरशिप पोर्टल से किया जा सकेगा। अभी यह छात्रवृति 2500 छात्रों को दी जाएगी और बाद में आवेदकों की संख्या के आधार पर छात्रवृति की संख्या को बढाने पर विचार किया जा सकता है। स्थानीय गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में उक्त छात्रवृति का लाभ ज्यादा से ज्यादा छात्रों को मिल पाये। इसके लिए एक स्कॉलरशिप विंग का गठन किया गया है।

कॉलेज द्वारा गठित इस विंग के माधयम से छात्रों को वर्तमान में चल रहे सभी छात्रवृति योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और साथ ही उन्हें आवेदन करने में भी पूर्ण सहयोग किया जा रहा है। यह जानकारी गुमला पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ शिब नारायण साहू और स्कॉलरशिप नोडल ऑफिसर अजीत कुमार शुक्ला ने दी है।

# जीव दया फाउंडेशन तथा होप द्वारा ग्रामीणों के बीच राशन और बच्चो के बीच यूनिफॉर्म का हुआ वितरण

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शनिवार को जीव दया फाउंडेशन तथा होप के संयुक्त तत्वाधान में लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड के कुंदगड़ी गांव तथा बरही टंगरा टोली, किस्को प्रखंड के सेमरडीह स्थित बिरहोर कॉलोनी तथा लोहरदगा प्रखंड के खखपरता गांव में राशन का वितरण किया गया एवं दूध बिस्किट परियोजना के तहत बच्चों को यूनिफॉर्म का वितरण किया गया साथ ही शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई।

यह प्रयास लोहरदगा जिला में जीव दया फाउंडेशन एवं होप के तहत मार्च महीने से की गई है। उपस्थित प्रतिभागियों को इस अवसर पर पोषण एवं स्वास्थ्य और साफ सफाई पर बातचीत करते हुए मनोरमा एक्का ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं बेहतर शिक्षा हेतु चलाए जा रहा है। जिसमें अभिभावकों से सहयोग आवश्यक हैं। इस अवसर पर होप से मनोरमा एक्का, जयवंत मिंज, अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा, आशीष कुमार साहू, उषा उरांव, यशोदा उरांव, सोनम दुलारी उरांव आरती रजक, ममता महतो, ममता राम एवं दिवाकर महतो ने कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# गुमला : विशेष लोक अदालत में 22 मामले का हुआ निष्पादन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय गुमला में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामले का निष्पादन किया गया। इस विशेष लोक अदालत में चार बेंचों का गठन किया गया। प्रथम बेंच में प्रेम शंकर एडीजे प्रथम, दूसरे बेंच में मनोज शर्मा एडीजे द्वितीय, तीसरे बेंच में भूपेश कुमार एडीजे तृतीय व चौथ बेंच में दोसंजीव भाटिया एडीजे चतुर्थ थे। विशेष लोक अदालत में कुल 96 मामले समझौता के लिए रखे गए थे। जिसमें दोनों पक्षो की सहमति से समझौता के आधार पर 22 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें एक करोड़ बावन लाख छिहत्तर हजार चार सौ संतानवे रुपए इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा मोटर दुर्घटना पीड़ितों के आश्रितों को दिया



गया तथा एक मामला जो 2010 में सिविल कोर्ट से होते हुए उच्च न्यायालय गया था। जिसका आज निष्पादन हुआ और पीड़ित को मुआवजा का राशि का चेक जिला जज के द्वारा प्रदान किया गया। विशेष लोक अदालत के अवसर पर प्रधान जिला जज ने बताया की लोक अदालत दोनों पक्षों के समझौता के आधार पर होता है। मंच संचालन अवर न्यायाधीश राम कुमार लाल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर स्थाई लोक अदालत के सदस्य, बार के अध्यक्ष, अधिवक्तागण, सिविल कोर्ट के कर्मचारी, पक्षकार आदि उपस्थित थे।

## सीएम के साथ होने वाली बैठक को लेकर डीडीसी ने अधिकारियो को दिये कई निर्देश, कहा

# महत्वकांक्षी योजनाओं में प्रगति लाये

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 11 जून को प्रोजेक्ट भवन, रांची में होनेवाली बैठक में लोहरदगा जिला की तैयारी को लेकर शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई।



बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जेएसएलपीएस की योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित योजना, पंचायती राज विभाग के 15वें वित्त अंतर्गत व्यय की स्थिति और पंचायतों में पंचायत सचिवालयों की स्थिति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, छात्रावासों के निर्माण व जीर्णोद्वार की स्थिति, आवासीय विद्यालयों की संख्या व स्थिति, साईकिल वितरण योजना की स्थिति, जाहेर थान/ सरना/ मसना/ कब्रिस्तान घेराबंदी योजना, धुमकुड़िया/मांझी थान निर्माण की योजना, वनाधिकार पट्टा की योजना, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत पेंशन वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्थिति, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, चापाकल निर्माण योजना, खान एवं भू-तत्व विभाग अंतर्गत डीएमएफटी मद की स्थिति, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला में अस्पताल निर्माण व जीर्णोद्वार की स्थिति, शिक्षा विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय एवं जनजातीय भाषा शिक्षक नियुक्ति, परिवहन विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना, विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, वन एवं भू-राजस्व के मामले आदि की स्थिति की समीक्षा की गई।

सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उसमें प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। महत्वकांक्षी योजनाओं में प्रगति लाने का विशेष निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, अनुमण्डल पदाधिकारी, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए फिटनेस चैलेंज कार्यक्रम आरंभ

**गुमला।** राष्ट्रभक्ति के साथ फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक एवं एक मंच पर लाने के कार्य में मेजर डॉ सुरेंद्र पुनिया, वीएसएम एवं मिसेज वर्ल्ड शिल्पा भगत द्वारा परिकल्पित फिटिस्तीन एक फिट भारत के द्वारा अग्रणी भूमिका निभाया जा रहा है। इसी कड़ी में करगिल युद्ध में शहीद 527 वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए सबसे बड़ा फिटनेस चैलेंज एसबीआई टाइगर हिल चैलेंज प्रारंभ किया गया है जो 3 मई से होकर 26 जुलाई तक चलेगा। इस चैलेंज में प्रतिभागियों को 630000 स्टेप्स चलना या दौड़ना है। कारगिल विजय रजत जयंती की इस अनोखी प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की एक छात्रा ताशा झा भी भाग ले रही है। उसके द्वारा बनायी पेंटिंग के लिए उसे स्टार आफ द डे चयनित किया गया है। इस प्रोत्साहन से फायरिंग, पेंटिंग, ताइक्वोंडो में राज्य स्तरीय उपलब्धियां हासिल करने वाली इसरो युविका गर्ल ताशा काफी प्रसन्न है। डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने ताशा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# वरीय नागरिकों का मंहगाई भत्ता रोक कर रखना मानवीय मूल्यों के विपरीत : गौरी प्रसाद

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनधारियों के विभिन्न समस्याओं के विषय में चर्चा किया गया एवं इनके त्वरित निराकरण का निर्णय लिया गया। बैठक में वैश्विक महामारी कोरोना काल के अठारह माह का अवरुद्ध मंहगाई भत्ता का मुद्दा छाया रहा। समाज के वरिष्ठ पेंशनर गौरी प्रसाद ने लंबित मंहगाई भत्ता के भुगतान के लिए आन्दोलनात्मक रुख अख्तियार करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि पेंशनधारियों का



एकमात्र सहारा उनका पेंशन होता है। ऐसे में वरीय नागरिकों का मंहगाई भत्ता रोक कर रखना मानवीय मूल्यों के विपरीत है। समाज के सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने कहा कि पेंशनधारियों को मिलने वाली पेंशन की राशि ही उनके स्वस्थ और सुखी जीवन का आधार है। ऐसे में ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। बैठक में प्रखंड सिसई से एक पेंशनर बुधदेव उरांव द्वारा पेंशनर समाज का सदस्यता ग्रहण किया गया। अंत में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक द्वारा पेंशनर भवन में उपलब्ध कराये गये मूलभूत सुविधाओं के लिए एक प्रस्ताव पारित कर उनका आभार ज्ञापित किया गया। बैठक में हीरालाल सिंह, सदाशिव नंद, रंथु साहु, विश्वनाथ साहु, जितिया उरांव, अगस्तुस एक्का, रामचंद्र साहु, मंगरा उरांव,मनोज बड़ाईक, भागी नाग, फलिन्द बडाईक, शांति प्रकाश केरकेट्टा, पंचे उरांव, शांति प्रकाश,विपैत देवी, एलिस लकड़ा तथा मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन उपस्थित थे।

### भंडरा : सड़क दुर्घटना में युवती की मौत, दो घायल



भंडरा। लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में भंडरा थाना क्षेत्र के भैया गांव के समीप देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई। मृत युवती की पहचान बगड़ू थाना क्षेत्र के तेतर टांड़ निवासी धनु उरांव की पुत्री सीता कुमारी (17 वर्ष) के रूप में हुई है। जबकि इस सड़क दुर्घटना में दो अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें बगड़ू थाना क्षेत्र के तेतर टांड़ निवासी जगमोहन उरांव के पुत्र अरविंद उरांव (15 वर्ष) व प्रताप भगत के पुत्र विशाल उरांव (17 वर्ष) रूप में हुई है। चिकित्सकों ने घायल युवकों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। सभी घायल युवक-युवतियों की टोली भंडरा के पझरी पहाड़ अपने दोस्त अमन उरांव के जन्मदिन पार्टी मनाकर लौट रहे थे। इसी दौरान दुर्घटना ग्रस्त हो गए।

### श्राद्धकर्म के दौरान डूबने से व्यक्ति की मौत




लोहरदगा। जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ओपा गांव में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान ओपा निवासी 35 वर्षीय सूरज साहू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर में श्राद्ध कर्म चल रहा था और मृतक पानी देने के लिए नहाने तालाब गया हुआ था। मृतक तैरने भी जनता था लेकिन नहाने के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक के साथ में एक व्यक्ति मौजूद थे लेकिन उसको पता ही नही चला। घटना की सूचना पर कुडू थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव का पोस्टमार्टम करा परीजनों को सौंप दिया।

### टेलर के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



लोहरदगा। जिले के सदर थाना क्षेत्र के कुजरा पुराना बाजार के समीप टेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। वही इस घटना में एक बच्ची घायल हुई है। मृतक की पहचान लातेहार जिला के धनकरा निवासी मुतुर्जा अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र रब्बानी अंसारी के रूप में हुई है। रब्बानी अपनी भतीजी को लेने सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी झखरा गांव स्थित बच्ची के ननिहाल गया था। घटना में स्व साबिर अंसारी की पुत्री 12 वर्षीय सितारा खातून घायल हुई है। रब्बानी बुटी झखरा गांव से सितारा को मोटरसाइकिल में लेकर धनकरा जा रहा था। तभी कुजरा पुराना बाजार के समीप वह टेलर की चपेट में आ गया। सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने कहा कि घटना में युवक की मौत हुई है। टेलर को जब्त कर लिया है।

### चैनपुर पुलिस ने 12 गायों को किया जब्त



चैनपुर। चैनपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात सेमला बरटोली के समीप तस्करी के लिए जा रहे 12 अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त किया। वहीं पुलिस को आता देख तस्कर मौके से फरार हो गये। इस मामले पर थाना प्रभारी अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जारी क्षेत्र से कुछ लोगों के द्वारा अवैध गोवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर सेमला बरटोली के समीप पशुओं को जब्त किया। पशु तस्करों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। जब्त पशुओं को पुलिस ने किसानों के बीच वितरण कर दिया।

# प्रज्ञा केंद्र संचालक व स्थानीय जनप्रतिनिधि योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाये : अशोक

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड पंचायती राज्य विभाग एवं डिजिग्राम फाइंटेक सॉल्यूशन एलएलपी के पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला के भंडरा प्रखंड जमागाई व किस्को प्रखंड के देवदारिया पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर मुखिया, पंचायत सचिव, प्रज्ञा केंद्र संचालक के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया। मौके पर आशीष जायसवाल एवं रवि कुमार राय व पंचायती राज के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार अग्रवाल द्वारा भी पंचायत के मुखिया उपमुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवकों को प्रज्ञा केंद्र संचालक के साथ आपसी सामंजस्य स्थापित कर योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभुकों तक पहुचाने के लिए विभिन्न तरहः की जानकारी दिया। मौके पर सीएससी पंचायत डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज सुधीर कुमार, मुखिया धनेश्वरी उरांव और मुखिया कामिल टोपनो मुर्शिद अंसारी, बिल्कन कोया, संदीप उरांव, सुधीर उरांव, बिमल कुमारी, प्रज्ञा केंद्र संचालक अंकित कुमार और आशीष प्रसाद मौजूद थे।

# विशेष लोक अदालत में 5 केस का हुआ निष्पादन, 40 लख रुपये का भुगतान



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झालसा रांची एवं लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा अरविंद कुमार पांडेय के मार्ग दर्शन में शनिवार को मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक बेंच का गठन किया गया था। इस विशेष लोक अदालत में कुल पांच वादों का निष्पादन किया गया और 40 लाख रुपए की राशि विभिन्न क्लेमेंट के बीच दिया गया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि झालसा रांची के पहल पर विशेष लोक अदालत मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस से संबंधित था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चुनाव के दौरान नियुक्त पदाधिकारियों के पास न जीत की नीति थी और न ही नीयतः विजय मिश्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में हार का ठीकरा फोड़ा जिले के प्रदेश के नेता, लोकसभा प्रभारी और जिला नेतृत्व पर**

**गुमला।** जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने कहा है कि बेशक लोहरदगा लोकसभा का चुनाव परिणाम भाजपा कार्यकर्ताओं के गले नहीं उतर रहा है। लेकिन राजनीति में हार जीत लगा रहता है।

जिसे हमें स्वीकार करना ही होगा और हम लोगों ने एक वह भी दौर देखा है जब 1984 की लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी हार हुई थी। समूचे हिंदुस्तान में पार्टी को सिर्फ दो सीटों पर जीत हासिल हुई थी और तब स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जैसे बड़े नेता भी चुनाव हार गए थे। लेकिन वह दौर कुछ और था। हां इतना जरूर है कि ऐसी हार भारतीय जनता पार्टी के लिए लोहरदगा लोकसभा में इसके पहले कभी नहीं हुई थी। इसके लिए हमें पार्टी स्तर पर समीक्षा करनी ही होगी।

बेशक कार्यकर्ताओं ने जी तोड़ मेहनत किया और उनके ईमानदारी पर कोई संदेह नहीं किया जा सकता। लेकिन जिम्मेवार पदाधिकारी जिनके ऊपर चुनाव जीताने की जिम्मेवारी थी। उन्होंने अपने जिम्मेवारी का निर्वहन नहीं किया। चाहे वे जिला में रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी हो या लोकसभा स्तर के प्रभारी या फिर जिला नेतृत्व और इस बड़े हर के लिए इन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेनी ही पड़ेगी। महत्वपूर्ण विषय तो यह है कि चुनाव के दृष्टिकोण से नियुक्त किए गए पदाधिकारियों ने चुनावी युद्ध को गंभीरता से लिया ही नहीं और उनके पास ना चुनाव जीतने की नीति थी और ना नियत।

इस पूरे चुनाव अभियान में कभी-कभी तो ऐसा लगने लगा था की कहीं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा चुनाव हराने का षड्यंत्र तो नहीं रचा जा रहा? उनकी हालत यह थी कि गुमला स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में इन्होंने एक झंडा तक लगा नहीं पाया और यह समूचे हिंदुस्तान में अपने आप की बड़ी घटना कहीं जा सकती है। लोकसभा चुनाव कार्यालय झंडा विहीन था। आखिर ऐसा क्यों ? पार्टी के झंडा का अपमान करने का अधिकार किसे दिया और इसका जवाब तो जिम्मेवार लोगों को देना ही होगा। मिश्रा ने कहा कि समूचे चुनाव अभियान में जिम्मेवार पदाधिकारी के द्वारा कभी भी गंभीरता नहीं दिखाया गया। उनके द्वारा ना तो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अहमियत दिया गया और ना ही छोटे कार्यकर्ताओं को।

यहां तक की लगभग 50 से लेकर 60% मंडल अध्यक्षों के साथ भी सौतेला व्यवहार किया गया और उन्हें बूथ खर्च में दिए जाने वाले राशि वितरण को भी भरोसे में नहीं लिया गया।

# चुनाव के समय कुछ कांग्रेसियों का असली चेहरा सामने आ हीं गया : एस सुजाउद्दीन राजा

**लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रचंड जीत के बाद भी आपसी कलह आने लगा सामने**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के प्रचंड जीत के बाद पार्टी में आपसी कलह खुलकर सामने आने लगी है। अब कुछ कांग्रेसी खुलकर इस बारे में बोलते हुए सामने आ रहे है। कांग्रेस के पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ता एस सूजाउद्दीन राजा ने भी लोकसभा चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि निश्चित रूप से कांग्रेस और कांग्रेस के नेतृत्व में बनी इंडिया गठबंधन ने जो शानदार प्रदर्शन किया है। इसका श्रेय राहुल



गांधी का जुझारूपन, बेबाक रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे गलत कार्यों का विरोध और भारत जोड़ो यात्रा को जाता है। परंतु दुर्भाग्य की बात है कि लोहरदगा में राहुल गांधी द्वारा चलाए गए भारत जोड़ो आंदोलन का कुछ वरिष्ठ कहे जाने वाले कांग्रेसियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और उन्होंने पार्टी को हराने के लिए कार्य किया है। राजा ने कहा कि कुछ कांग्रेसी दिग्गज और उनके चहेते ना तो चुनाव के समय कांग्रेस के प्रचार में कहीं घूमते नजर आए ना ही मतगणना के समय कोई दिखे। आश्चर्य इस बात की है कि लोहरदगा लोकसभा में चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद यह नेता गांव-गांव दौरा कर रहे हैं और न जाने ग्रामीण जनता के बीच कौन सा पैगाम पहुंचने का काम कर रहे हैं यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे कांग्रेसियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो निश्चित रूप से आने वाले विधानसभा में इसका बुरा असर देखने को मिलेगा और कांग्रेस के समर्पित एवं उत्साही कार्यकर्ताओं के मनोबल में गिरावट आएगी।

